तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

12 समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए...




12 हर बच्चे को मिलना चाहिए शिक्षा का...






## रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अवाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929

Advt.


## खबर संक्षेप

### बोर के पानी को लेकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खुरदरहा में बोर के पानी को लेकर एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नवधा बाई लहरे पति चिंतामणी लहरे (उम्र 50) ने बताया कि 16 जून को लगभग 4 बजे अपने घर के आंगन में छेना बीनने का काम कर रही थी, उस दौरान उसके देवर का बेटा नंदलाल लहरे आया और आप लोग मेरे खेत में बोर का पानी को ज्यादा भेज रहो हो कहने लगा। जिस पर उसने कहा कि बोर से पानी ज्यादा नहीं निकाल रहे हैं, ऐसा कहने पर आरोपी गाली गलौज कर टंगिया से मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराबी और उसके पिता ने की मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीकर गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। मामला पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम अर्जुनी का है। पुलिस को संजय ध्रुव ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 13 जून को गांव का तरूण सेन शराब पीकर गांव की गली में गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इसके बाद उसने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद आरोपी ने अपने पिता पिता हेमलाल सेन के साथ मिलकर मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### खेत जोत रहे व्यक्ति के साथ मारपीट

**महासमुंद।** खेत की जुताई कर रहे एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को अरूण कुमार राणा अरूण कुमार राणा पिता छत्तरराम राणा (45 साल) निवासी राफेल ने बताया कि 17 जून को 4 बजे अपने खेत की ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था उसी समय गांव के कैलाश राणा पिता विभीषण एवं उसके पुत्र ने मारपीट शुरूकर दी। हमले से डरकर वह अपनी ट्रैक्टर को छोड़कर ग्राम डेबरीगढ के आनंदराम पटेल के घर छुप गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रेत के अवैध भंडारण पर ग्राम बरबसपुर में हुई बड़ी कार्रवाई

- शासकीय भूमि में 14 स्थानों पर अवैध रेत भंडारित करने पर एक करोड़ 64 लाख रुपए अधिरोपित, खनिज विभाग द्वारा की गई जब्ती की कार्रवाई

**43 निजी भू स्वामियों से 54 लाख रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोकथाम के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खजिन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बरबसपुर में अवैध रेत भंडारण का ग्राम सरपंच, कोटवार एवं ग्रामवासियों के समक्ष जब्ती की कार्रवाई की गई।

इस दौरान ग्राम बरबसपुर में 43 भू स्वामियों के निजी भूमि एवं 14 शासकीय भूमि में अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जाना पाया गया। जिसमें 5401250 रुपए भूस्वामियों से एवं 16425000 रुपए शासकीय भूमि में अवैध रेत भंडारण से अर्थदंड की राशि अधिरोपित की गई है। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में रेत के




हरिभूमि

हरिभूमि महासमुंद भूमि

जहां अवैध रेत भंडारित, वहां के जमीन मालिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

अवैध भंडारण, उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में ग्राम बरबसपुर में अवैध रेत भंडारण की सूचना मिलने पर छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें निजी भूमि स्वामी अशोक, अमित चंद्राकर, रामाधार एवं महेंद्र प्रताप सोनवानी को 600 घनमीटर अवैध रेत भंडारण पर अर्थदंड 02-02 लाख रुपए अधिरोपित किया गया।

इसी तरह ग्राम के अन्य भू स्वामियों बलीराम निषाद एवं धनेश चंद्राकर को 500 घनमीटर भंडारण पर 1.75-1.75 लाख, गणेशिया, राकेश निषाद, संतोष को 800 घनमीटर भण्डारण पर 2.50-2.50 लाख, महेन्द्र प्रताप, लखन, मनोहर, दशरथ, गंगाबाई, हरीशचंद्र, रेणु को 100 घनमीटर भण्डार पर 75-75 हजार, गंगाबाई, बिसेनाथ, फूलसिंग, उत्तम, जगतपाल, जगत, मनोहर, संतराम, नवीन, जगतपाल को 300 घनमीटर भंडारण पर 1.25-1.25 लाख, मोहन एवं मेहतरीन को 150 घनमीटर भंडारण पर प्रत्येक से 87 हजार 500 रुपए, संतराम, प्रहलाद, माखन, राजेंद्र, अनिल, धनंजय, पंचबाई, दयालू, महेंद्र प्रताप, दयालू, जगमोहन, फूलसिंग को 200 घनमीटर भंडारण हेतु एक-एक लाख, बाबूलाल, शत्रुघन को 400 घनमीटर भंडारण पर 1.50-1.50 लाख रुपए, अरूण को 50 घनमीटर के लिए 51 हजार 250 रुपए का अर्थदंड/समझौता राशि अधिरोपित किया गया है।

इस तरह निजी जमीन से कुल 43 भूस्वामियों से 13 हजार 50 घनमीटर के लिए कुल 54 लाख एक हजार 250 रुपए अधिरोपित किया गया है। इसके अलावा शासकीय भूमि के 14 अलग-अलग खसरा नंबर पर 62 हजार घनमीटर अवैध रेत का भंडारण पाया गया, जिससे एक करोड़ 64 लाख 25 हजार रुपए की राशि अधिरोपित किया गया है। उपरोक्त सभी रेत भंडारण की मात्रा को बिना वैध दस्तावेज के पाए जाने पर आगामी आदेश पर्यंत तक जब्त किया गया है।

**व्यवस्था : कलेक्टर ने किसानों को समय पर धान-बीज उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

# जिले की सहकारी समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण, किसान कर रहे उठाव

- निजी दुकानों में खाद के अवैध भंडारण पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के किसानों को खरीफ मौसम की तैयारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज का भंडारण कर लिया गया है। कृषि विभाग ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से किसान खाद और बीज प्राप्त कर सकते हैं।

अब तक जिले में कुल 41,238 टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 18,432 टन खाद का वितरण किया जा चुका है, जो कि भंडारण के विरूद्ध 44.70 प्रतिशत है। खाद की उपलब्धता में सहकारी एवं निजी समितियों में यूरिया 22 हजार 66, सुपर फॉस्फेट



09 हजार 67, पोटाश 02 हजार 718, डीएपी 04 हजार 861, उर्वरक 12:32:16 एक हजार 80 तथा उर्वरक 20:20:0:13 एक हजार 446 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 22 हजार 806 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। वहीं बीज का भंडारण 26,859 क्विंटल किया गया है, जिसमें से 12,704 क्विंटल बीज का वितरण हुआ है, जो कि भंडारण के विरूद्ध 47.30 प्रतिशत है।



जानकारी के अनुसार अनाज अंतर्गत धान सामान्य, शंकर धान, मक्का, कोदो, कुटकी एवं रागी, दलहन अंतर्गत अरहर, उड़द एवं मूंग, तिलहन फसल अंतर्गत सोयाबीन, मूंगफली एवं तिल बीजों का भंडारण किया गया है। किसानों द्वारा उठाव के पश्चात 14 हजार 155 क्विंटल बीज वर्तमान में शेष है। जिसका वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है।

### डीएपी के विकल्प के तौर पर सुपर फॉस्फेट और यूरिया का उपयोग करने के निर्देश

जिले में यूरिया एवं सुपर फॉस्फेट खाद का भंडारण पर्याप्त मात्रा में किया गया है। यूरिया खाद 22 हजार 66 टन तथा सुपर फॉस्फेट 09 हजार 67 टन भंडारण किया गया है। अफसरों ने बताया कि डीएपी 18:46 खाद के विकल्प के तौर पर सुपर फॉस्फेट एवं यूरिया का आनुपातिक मात्रा उपयोग किया जा सकता है। इस संबंध में सभी सहकारी समिति और निजी दुकानों को निर्देश दिए गए हैं। जल्दी पकने वाली धान की किस्मों के लिए प्रति एकड़ पोषक तत्व का अनुपात नत्रजन 24 किलो, स्फूर 16 किलो एवं पोटाश 08 किलो उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसी तरह 141 दिन से अधिक दिन में पकने वाली धान के लिए यह अनुपात 32:20:12 है। 126 से 140 दिन की अवधि में पकने वाली धान के लिए 40:24:16 के अनुपात में खाद उपयोग करने की सलाह वैज्ञानिकों द्वारा दी गई है। धान की संकर किस्मों के लिए 52:32:24 किलो के अनुपात में खाद उपयोग करने की सिफारिश की गई है।

## पिकअप की टक्कर से तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बोहारपार मोड़ के पास का है। पुलिस को प्रार्थी शिव कुमार चौहान निवासी ग्राम पिताईपाली ने बताया कि 11 जून को उसके चाचा छोटूलाल चौहान गांव के अजय बंछोर एवं जुगसाय बंछोर के साथ अपने दामाद सौदागर चौहान के मोटर सायकल सीजी 06 जीएम 2088 से अपने काम से तहसील ऑफिस सरायपाली गये थे। वापस आते समय करीबन 12.30 बजे एनएच53 रोड में ग्राम बोहारपार मोड़ के पास पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 06 जीडब्लू 9102 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में छोटूलाल चौहान के सिर, हाथ, पैर एवं कंधे, अजय बंछोर को सिर, हाथ व पैर में और जुगसाय के सिर व पैर में चोट आई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### एचएसआरपी के लिए शिविर आज से बसना में

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसम्बर 2018 को जारी अधिसूचना तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर महासमुंद के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा 18 एवं 19 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आत्मानंद स्कूल बसना में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। छूटे हुए वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

## कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में कुल 62 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में महलपारा सरायपाली निवासी अहिल्या यादव ने पृथक राशन कार्ड एवं निराश्रित पेंशन के लिए आवेदन किया। इस संबंध में कलेक्टर ने उक्त विषय के आवेदनों का संबंधित विभाग को त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। तहसील सरायपाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कसडोल के ग्रामवासियों ने पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों से अवैध राशि लिए जाने के संबंध में शिकायत की गई। जिस पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उक्त योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या नियम विरुद्ध कार्य करने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा खल्लारी निवासी डॉली यादव ने माता पिता की मृत्यु पश्चात आवास के लिए आवेदन, ग्राम पंचायत कुकराडीह, महासमुंद सरपंच द्वारा सचिव को कार्यभार सौंपने हेतु आवेदन, ग्राम पंचायत जेराभरन महासमुंद के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में, ग्राम भटगांव महासमुंद निवासी सोमन खूंटे ने वन अधिकार पट्टा, ग्राम पंचायत बिछियाँ बसना के ग्रामवासियों नवीन स्कूल भवन, ग्राम झिलमिला पटेवा के ग्रामवासियों ने डुबान क्षेत्र के सीमांकन और नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 1 में अवैध शराब व नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए नगरवासियों ने कार्रवाई के लिए आवेदन किए।

**जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत हुआ आयोजन**

# शिविर में विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिवासी समुदायों के समग्र विकास और सरकारी योजनाओं के लाभों की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 17 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम स्तर पर जागरुकता एवं लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इन शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के चिन्हांकित गांवों में विभिन्न विभागीय सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम रुमेकेल, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम टेढ़ीनारा, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत गोपालपुर एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डूडूमचुंवा में शिविर का आयोजन हुआ।

डूडूमचुंवा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया शामिल हुई। सरला कोसरिया ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान हमारे जनजातीय भाई-बहनों के समग्र विकास, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल है। धरती आबा, यानी धरती के पिता, हमारे महान जननायक बिरसा मुंडा की स्मृति और उनके आदर्शों से प्रेरित यह अभियान हमें हमारे मूलभूत



कर्तव्यों की याद दिलाता है। यह अभियान शासन की नहीं, बल्कि जन-जन की सहभागिता से चलने वाली जन अभियान है। धरती आबा अभियान केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबका सामूहिक दायित्व है। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणजनों और युवाओं से आह्वान करती हूं कि इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं। डूडूमचुंवा शिविर में 7 हितग्राहियों के आधार कार्ड, 15 हितग्राहियों का राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों का वय वंदन कार्ड, 02 हितग्राहियों का श्रम कार्ड के लिए एवं 01 हितग्राही का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। वृद्धावस्था पेंशन के लिए 04 पात्र हितग्राहियो का चयन कर पेंशन स्वीकृत किया गया।

इसी तरह टेढ़ीनारा शिविर में 02 हितग्राहियों का आधार कार्ड एवं 20 हितग्राहियों का मोबाईल लिंक किया गया। 04 हितग्राहियों का राशन कार्ड के लिए पंजीयन, 23-23 हितग्राहियों का जाति प्रमाण एवं निवास पत्र के लिए पंजीयन किया गया। साथ ही एक कृषक का पीएम किसान सम्मान निधि योजना में पंजीयन किया गया। ग्राम पंचायत रूमेकेल शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं 17 लोगों का सिकलिंग जांच किया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों का पेशन स्वीकृति, श्रम विभाग द्वारा 05 लोगों का श्रम कार्ड, पंचायत विभाग द्वारा 08 लोगों का जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 31 लोगों का राशन कार्ड संबंधित कार्य तथा राजस्व विभाग द्वारा 44 लोगों का जाति प्रमाण पत्र एवं 45 लोगों का निवास प्रमाण पत्र के लिए पंजीयन किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व संबंधित विकासखंड के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, पटवारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### चैंबर अध्यक्ष ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रदेश में व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारिणी का सोमवार को विस्तार किया है। इसमें कार्यकारी महामंत्री कपिल दोषी, विकास आहूजा और अमर सुलतानिया, दिलीप इसरानी को उपाध्यक्ष एवं चैंबर कार्यालय प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सांस्कृतिक प्रभारी के पद पर अनिल जोतसिंघानी का मनोनयन किया गया है।

### महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की नई कार्यकारिणी घोषित



**रायपुर।** महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष संजय जादवानी ने रविवार को सत्र 2025-28 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की एवं पदाधिकारियों का आपस में एक-दूसरे से परिचय भी कराया। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी में महामंत्री जैन विकास सिपानी, कोषाध्यक्ष परेश पारेख, सह कोषाध्यक्ष अमरीक बागल, सह मंत्री नरेंद्र सलूजा, संगठन मंत्री महेश प्रसाद राय, सह संगठन मंत्री निर्मल बैंगानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, विजय रमानी, अशोक मलानी को बनाया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष राम घुरीया एवं विक्रम सिंह देव, सुरिंदर सिंह, महेंद्र तलरेजा, संरक्षक अशोक छाबड़ा एवं कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर वाधवानी को चुना गया।

### दो मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** आपदा और दुर्घटनाओं के मामलों में मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता राशि देने जिला प्रशासन तेजी से कार्यवाही कर रही है। इसके तहत पानी में डूबने से हुई मौत पर दो मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मृतकों में ताराचंद टंडन निवासी मंदिर हसौद तथा शिवकुमार निवासी आरंग शामिल है। इन दोनों के परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### ड्रंक एंड ड्राइव की जांच धरे गए 11 नशेड़ी चालक



**रायपुर।** नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसने यातायात के साथ थानों की पुलिस ने शनिवार तथा रविवार को अभियान चलाकर 11 के खिलाफ कार्रवाई की है। एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस ने श्रीराम मंदिर चौक, फुंडहर चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस-वे के नीचे रात 11 से 2 बजे तक वाहनों की जांच की। नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। नशेड़ी वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को ट्रैफिक पुलिस पत्र लिखेगी।

## निधन

### रामकुमार चंद्राकर



**महासमुंद।** स्थानीय पुराना रावणभाठा रायपुर रोड निवासी शासकीय महासमुंद महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर 67 वर्ष (ग्राम बनपचरी) का 17 जून को निधन हो गया।

अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता गौरव जॉनी चंद्राकर के पिता थे।

# बोईरगांव में बच्चों का मुंह मीठा और गणवेश वितरण कर हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली(कोमाखान)



छत्तीसगढ़ में आगामी 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। साथ ही सरकार की ओर से शिक्षकों और विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंच सके।

इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत पटपरपाली के प्राथमिक शाला चंदरपुर, प्राथमिक शाला पटपरपाली और माध्यमिक शाला बाम्हनडीह में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और पालकगण की सक्रिय भागीदारी में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ततपश्चात अतिथियों का स्वागत के साथ ही नवआगंतुक प्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत वंदन कर मिष्ठान खिलाकर गणवेश प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच पटपरपाली लता कमलेश टांडेय ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि पंचायत के स्कूल शिक्षा क्षेत्र की अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विकास की जिम्मेदारी पंचायत की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल का त्यागकर पुस्तकों को अपनाएं यही जीवन को सही मार्ग देते है। मनोरंजन एवं खेलकूद के लिए स्कूल परिसर में झूले एवं बाल क्रीड़ा उद्यान विकसित किया जाएगा। साथ ही बेहतर शिक्षा के लिए मेरिट में आने वाले छात्र छात्राओं को पंचायत से पुरुष्कृत किया जाएगा। उन्होंने पंचगणों से आग्रह किया कि वे शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अपने-अपने वार्डों में व्यक्तिगत सहभागिता करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृषि समिति पटपरपाली अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय, टेमरी(अ) पटपरपाली संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला, माध्यमिक शाला बाम्हनडीह की प्रधान पाठक केवलराम टंडन, शिक्षिका सुलन चंद्राकर, शिक्षक प्रतीक चंद्राकर, प्राथमिक शाला पटपरपाली के प्रधानपाठिका ज्योति मेश्राम, शिक्षक फिरोज सिंह ठाकुर, प्राथमिक शाला चंदरपुर से शिक्षक दिनेश साहू, शिक्षिका पूनम निषाद आंगनबाड़ी पटपरपाली, बामहडीह और चंदरपुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू, गमला यादव और चंपी साहू, पंचगण प्रमुख हेमलता साहू, कल्पना तिवारी, कांतिबाई साहू, हवन्त साहू, राजू तिवारी, केशराम साहू, मनोज चंद्राकर, अशोक यादव, ज्वालाप्रसाद दुबे, बिश्वा साहू, टुकेश्वर साहू, दिनेश कुमार साहू, मोहेंद्र कुमार साहू, भनत साहू, तोमेश कुमार तिवारी, कीर्तन साहू, बैदूराम यादव, भीम साहू, डिगेश साहू, मुकेश साहू, केवल साहू, ऋतु साहू, गीता यादव, किरण साहू, सावित्री सेन, सावित्री साहू, लता साहू, ऋतु साहू, भीम साहू, बालकुमार साहू, सुनीता साहू, यमुना यादव, रसोइया लीला बाई, चैती बाई, उर्मिला साहू, कौशल्या यादव आदि मौजूद रहे।

## जायजा : नपाध्यक्ष ने किया एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण

# ‘शहर को स्वच्छ बनाने स्वच्छता दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मणिकंचन केंद्र तुमाडबरी का निरीक्षण कर स्वच्छता दीदियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मणिकंचन केंद्र में स्वच्छता दीदीयों के कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा उन्हें शहर विकास में भागीदार बनने प्रेरित किया। साहू से मिलकर स्वच्छता दीदीयों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

नपाध्यक्ष साहू ने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण करते हुए देखा कि स्वच्छता दीदीयों द्वारा घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को व्यवस्थित रूप से अलग किया जा रहा था। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया न केवल स्वच्छता के लिए आवश्यक है, बल्कि कचरे के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक सराहनीय पहल भी है। इसके साथ ही कचरा कलेक्शन केंद्र का भी अवलोकन किया। जहां पुराने, अनुपयोगी वस्तुओं को एकत्रित किया जाता है, ताकि उन्हें पुनः उपयोग में लाया जा सके। इसके अतिरिक्त, कम्पोस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया। जहां जैविक कचरे से खाद तैयार की जा रही है। यह प्रक्रिया पर्यावरण के लिए अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि के लिए अत्यंत उपयोगी है। इस अवसर पर साहू ने कर्मचारियों एवं दीदियों के कार्यों की सराहना की तथा उन्हें और अधिक प्रभावशाली ढंग से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एक ऐसा संयंत्र है, जो मानव मल-अपशिष्ट (फिकल स्लज) को सुरक्षित रूप से प्रबंधित और उपचारित करने के लिए बनाया जाता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां केंद्रीयकृत सीवेज सिस्टम नहीं है। यह मल-अपशिष्ट को संसाधित करके पानी और खाद जैसी उपयोगी चीजें बनाता है। मणिकंचन केंद्र के निरीक्षण के दौरान साहू ने व्यवस्थित रूप से हो रहे कार्यों पर खुशी व्यक्त करते हुए स्वच्छता दीदियों को किसी भी रूप से समस्या या परेशानी आने पर सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी नौशाद बक्श सहित स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

# दिनों दिन बिगड़ती जा रही कांग्रेसियों की मानसिक स्थिति : डिम्पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



भाजपा नेत्री डिंपल डाली ध्रुव ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार हार और निराशा से कांग्रेसी बौखला गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता बिना जमीनी हकीकत जाने झूठी बयानबाजी करते हैं और जनहित के कार्यों को बिगाड़ने और जनता को बरगलाने की कोशिश करते हैं।

कांग्रेस के नेता देश के सैनिकों के पराक्रम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के सेवा और सुशासन के कार्य और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी झूठी बातें फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे बरसात के दिनों में 3 माह के एकमुश्त राशन देने की योजना हो या किसानों को फसल में होने वाले नुकसान की भरपाई के एवज में बीमा की राशि हो, कांग्रेस के नेता हर जगह अपनी झूठी जुबान से जनहित के कार्यों को बिगाड़ने में लगे रहते हैं।

कांग्रेस की इस तरह की बयानबाजी उनकी गहरी निराशा को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 60-70 साल भारत में राज करने वाली भ्रष्ट कांग्रेस पार्टी के बल को देश और छत्तीसगढ़ राज्य की जनता ने तोड़कर रख दिया है, और यही कारण है कि कांग्रेस के नेता अब बौखलाहट में झूठी बयानबाजी कर रहे हैं।

यह छटपटाहट और बौखलाहट कांग्रेस के लिए 15-25 सालों तक रहने वाली है, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार लगातार जनहित में गरीब, किसान, महिलाओं, सेना के लिए योजनाएं लाकर देश और देश के लोगों मजबूत कर रही है, तो वहीं राज्य के विष्णुदेव साय की डबल इंजन की सरकार भी राज्य में विभिन्न योजनाओं को लाकर लोगों को और राज्य को सुख-समृद्ध बनाने की ओर अग्रसर है।

# ऑटो सेंटर में काम करते दो बच्चे रेस्क्यू

**रायपुर।** जिला प्रशासन विशेष बाल एवं किशोर श्रम रोकथाम एवं पुनर्वास अभियान चला रहा है। इसके तहत सोमवार को श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन सहित पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अमलीडीह क्षेत्र में एक ऑटो सेंटर में काम कर रहे 13 साल के बालक और एक 15 साल के किशोर को रेस्क्यू किया। इन दोनों मामलों में दुकान संचालक के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों का देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 भारतीय न्याय संहिता एवं बालक एवं कुमार श्रम अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत न्यू राजेंद्र नगर थाना में अपराध दर्ज किया गया है।

- पानी को पटरियों से दूर रखने किया डायवर्ट

# बारिश में दुर्घटनाओं से बचने पहाड़ों से हटाए ढीले बोल्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मानसून के लिए रेलवे की तैयारियां पूरी, जलभराव और बोल्डर स्खलन वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल ने मानसून में होने वाले दुर्घटनाओं से बचने सुरक्षित ट्रेनों के परिचालन के लिए अपनी तैयारियों तेज कर दी हैं। मंडल रेल प्रशासन ने प्री-मानसून में सभी ज़रूरी कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

कटनी और डोंगरगढ़ के बीच घने जंगल और पहाड़ हैं। अंबिकापुर रूट में पहाड़ अधिक हैं। मानसून में संभावित बाधाओं को ध्यान में रखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों, बोल्डर स्खलन की आशंका वाले पहाड़ी इलाकों, पुलों, नालियों और ड्रेनेज सिस्टम का गहन निरीक्षण किया गया है।

पानी की निकासी के लिए जहां ज़रूरत पड़ी, वहां पाइप लगाए गए हैं और पहाड़ों से आने वाले पानी को पटरियों से दूर रखने के लिए ड्रेन को डायवर्ट किया गया है।

### हटाए गए चट्टान के टुकड़े

बोल्डर गिरने वाले क्षेत्रों का सर्वे कर सभी ढीले बोल्डर हटा दिए गए हैं। ट्रैक के किनारे बने नालों की सफाई कर अवरोधों को हटाया गया है। संवेदनशील स्थलों पर मोबाइल और स्थायी गश्ती दल तैनात किए जा रहे हैं। जानकारी मुताबिक तूफान या तेज़ बारिश के दौरान ट्रैक पर गिरने वाले पेड़ों को हटाने, छांटने और काटने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में विशेष नालियों की व्यवस्था की गई है, और इन इलाकों में कार्यरत कर्मचारियों को विशेष सावधानियों के बारे में मार्गदर्शन भी दिया गया है।

- चांदी के दाम 108900 रुपए किलो
- रोज पांच करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है

# सोने के बढ़ते दाम से प्रदेश में भी रोज 25 करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की लगातार बढ़ती कीमत के कारण निवेशक इसकी तरफ ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ईरान और इजराइल के युद्ध के कारण सोने की कीमत प्रभावित हो रही है। दाम कम ज्यादा हो रहे हैं। शनिवार को जब बाजार बंद हुआ था, तो सोने की कीमत राजधानी रायपुर में जीएसटी के साथ एक लाख 29 सौ रुपए थी। सोमवार को बाजार खुलने पर दाम 11 सौ रुपए कम हो गए और कीमत एक लाख 18 सौ रुपए हो गई। अपने प्रदेश में वैसे तो रोज सोने पर करीब 20 करोड़ का निवेश होता है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमत के कारण रोज करीब 25 करोड़ निवेश हो रहा है। चांदी की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इसमें भी रोज पांच करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है। चांदी की कीमत इस समय 108900 रुपए किलो है। सोने की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थी। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई।



### सोने और चांदी में ज्यादा निवेश

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के भाव लगातार बढ़ रहे हैं रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, इजरायल और ईरान में युद्ध चल रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और तनाव बढ़ाने की आशंका है और जब भी अंतरराष्ट्रीय तनाव बढ़ता है तो स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने और चांदी को पहली प्राथमिकता देते हैं।

### नए साल में 23400 बढ़े दाम

नए साल में अब तक सोने के दाम 23400 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अप्रैल में पहली बार कीमत एक लाख तक पहुंची। मई में कीमत कम हो गई।

## विशेष अभियान 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक

# डायरिया रोकथाम के लिए जिले में स्टॉप कैंपेन शुरुआत, सभी घरों में बांटेंगे ओआरएस पैकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में 0 से 5 वर्ष के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को रोकने एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महासमुंद से किया गया। यह विशेष अभियान 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीपी सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम के लिए व्यापक जन जागरुकता एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत 0-5 वर्ष तक के बच्चों वाले घरों की सूची तैयार कर मितानिनों द्वारा घर-घर भ्रमण किया जाएगा। प्रत्येक घर में एक ओआरएस पैकेट वितरित किया जाएगा, वहीं डायरिया प्रभावित परिवारों को 2 ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक की गोलियां प्रदान की जाएंगी। भ्रमण के दौरान मितानिनें ओआरएस घोल बनाने की विधि, हाथ धोने की सही प्रक्रिया एवं जिंक के सही उपयोग की जानकारी भी देंगी। डायरिया में जिंक की उपयोग विधि- 02 से 06 माह के बच्चों को आधी गोली (10 मि.ग्रा.) और 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को 01 गोली (20 मि.ग्रा.) दी जाएगी। यह गोली 14 दिनों तक चम्मच में मां के दूध या साफ पानी के साथ दी जाएगी।

अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर मानिटरिंग टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में भ्रमण कर जागरुकता गतिविधियों का निरीक्षण करेंगी। साथ ही आरबीएस के दलों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरुकता कार्य किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया ने आमजन से अपील की है कि वे अपने 0-5 वर्ष के बच्चों के साथ नजदीकी स्कूलों या आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर ओआरएस घोल बनाने, हाथ धुलाई की तकनीक और जिंक की उपयोग विधि संबंधी जानकारी प्राप्त करें और इन उपायों को दैनिक जीवन में अपनाएं, जिससे डायरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके।

# गोपालपुर में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल का संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम हायर सेकेंडरी के सभागार में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चक्रधर दीप सरपंच ग्राम पंचायत गोपालपुर, अध्यक्षता तिलक यादव अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व माध्यमिक के एसएमसी अध्यक्ष रेवती ध्रुव, प्राथमिक विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष मनोहर निषाद, उपसरपंच पंचराम यादव, कार्तिक राम सिदार, प्राचार्य आरएन प्रधान, प्रधान पाठकद्वय टीएस ध्रुव, दामोदर यादव, संकुल समन्वयक राजाराम पटेल थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कल्पना चंद्राकर के सरस्वती वंदना एवं अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली, छठवीं एवं नववीं के नवप्रवेशी बच्चों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर कर मिठाई खिलाकर एवं गणवेश प्रदान कर स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय में नवपदस्थ शिक्षिका अंजलि पटेल, श्वेता ठाकुर एवं हाईस्कूल में विज्ञान सहायक के रूप में पदस्थ धीरेन्द्र कुमार भोई का सरपंच द्वारा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। ग्राम के नागरिक कार्तिक राम सिदार द्वारा सभी बच्चों को अच्छे से शिक्षा ग्रहण करने और ग्राम का विद्यालय का नाम रौशन करने कहा। सरपंच और कार्यक्रम के अतिथि चक्रधर दीप द्वारा विद्यालय के अपने अनुभव और शिक्षा के मूल्य पर प्रकाश डाला गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष और कार्यक्रम अध्यक्ष तिलक यादव द्वारा शाला नियमित आकर अध्ययन करने और इस गांव के विकास में अच्छे नागरिक बनने का आह्वान छात्रों से किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एलआर सिन्हा, खेमराज पटेल, भागवत डड़सेना, नितिन साहू, भोजराज प्रधान, रेवती लाल साहू, मंजू जोशी, सिद्धेश्वरी तिवारी, ममता प्रधान अनेक ग्रामीण, पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य आरएन प्रधान ने सभी अतिथियों से विद्यालय के विकास में योगदान देने कहा। समन्वयक राजाराम पटेल द्वारा विद्यालय में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### अखराभाठा तुकड़ा में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर मनाया प्रवेश उत्सव

**बसना।** शासन के आदेशनुसार तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला अखराभाठा तुकडा में सरपंच हेमलता बारीक, शाला निरीक्षणकर्ता बालमकुंद चौहान, रमेश रात्रे पंच, तुलाराम बारीक, पद्मावती सूर्या आगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालकगण नोहर सिंग, खेरसिंग, खोलबहरा, टिकेलाल, शाला समिति अध्यक्ष छबिलाल कोसरिया, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों जधुराम बारीक, देवदास आदि ग्रामीणों एवं प्रधान पाठक सुरेंद्र बांक तथा लीलावती साव सहायक शिक्षक की उपस्थिति में बच्चों को तिलक गुलाल लगाकर कापी, पेंसिल, गणवेश के साथ मिष्ठान वितरण एवं फीता काटकर शाला शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

### बोंदा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बोंदा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, सरपंच, पंच ग्राम पंचायत बोंदानवापाली एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

### बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप 19 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा जिले के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 19 जून 2025 को लाइवलीहुड कॉलेज बरोडा महासमुंद में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### मिलावटी शराब मामले में सुपरवाइजर पर केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर के खिलाफ बीआईएस प्लेसमेंट एजेंसी ने ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। बीआईएस की ओर से प्रदीप गुप्ता ने चैन दास बंजारे उर्फ शेखर बंजारे के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। चैनदास पर आरोप है कि उसने अपने बड़े भाई शेखर के आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा कर अपनी फोटो लगाकर सुपरवाइजर की नौकरी हासिल की थी। मामले की पड़ताल करने पर फर्जीवाड़ा सही पाया गया। चैन दास पूर्व में आरंग शराब भट्ठी से 70 हजार रुपए घटती पाए जाने पर ब्लैक लिस्टेड हो गया था। इसलिए उसने अपने भाई के आधारकार्ड में फर्जीवाड़ा कर दोबारा नौकरी हासिल की। शेखर के खिलाफ शराब में मिलावट कर बेचे जाने के आरोप में भी अपराध दर्ज किया गया है।

## आषाढ़ की दस्तक के साथ क्षेत्र में खरीफ खेती शुरू, बोरवेल के सहारे धान की रोपाई...





**पिथौरा (ग्रामीण)।** आषाढ़ माह के प्रारंभिक सप्ताह में ही क्षेत्र के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। कहीं खुर्रा बोआई चल रही है तो कहीं धान की रोपाई की जा रही है। इस बार मानसून नहीं पहुंचने के बावजूद किसानों का उत्साह कम नहीं हुआ है। कृषकों ने बोरवेल्स और अन्य सिंचाई साधनों के माध्यम से खेतों में पानी की व्यवस्था कर खरीफ सीजन की शुरुआत कर दी है। विशेषकर धान की खेती के लिए मशहूर इस अंचल में किसान समय रहते रोपाई का कार्य शुरू कर चुके हैं, ताकि मौसम की अनिश्चितताओं का असर उत्पादन पर न पड़े।

## विद्यार्थियों को लगन से पढ़ाई करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में क्षेत्र की जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगडे, उपसरपंच योगेश नारंग, संस्था के संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं जलेबी एवं चॉकलेट से मुंह मीठा कर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को गणवेश भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े द्वारा सभी




बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकगण अजय बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखनलाल चंद्राकर, विनेश पांड़े, लक्ष्मी साहू, गांव से अजय जांगड़े, पूनाराम पटेल, गोपी जांगड़े आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं सभी रसोइया लोग उपस्थित थे। मंच संचालन अजय बंजारे ने किया।

## कुम्हारपारा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 24 स्थित मिडिल स्कूल कुम्हार पारा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पार्षद एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर गणवेश वितरण किया। मिडिल स्कूल के हेडमास्टर शिवकुमारी जायसवाल ने शाला के चारों तरफ



बाउंड्रीवाल एवं बोर खनन के लिए बात रखी। साथ ही स्कूल की अन्य समस्याओं के बारे बात रखी। जिस पर पार्षद पटेल ने तत्काल इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बात की और विधायक ने भी तत्काल संबंधित अधिकारी को बाउंड्रीवाल के संबंध जानकारी चाही। अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में मांग पत्र बनाकर ऊपर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। कार्यक्रम में शाला के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाये उपस्थित रहे।

## चैंबर आफ कामर्स की महासमुंद इकाई घोषित



**महासमुंद।** प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा महासमुंद इकाई की घोषणा की गई। इकाई का कार्यकाल 2025 से 28 रहेगा। व्यापारी एकता को मजबूत करने के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पूरी टीम व्यापारी के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी और जिन व्यापारी को चैंबर से जुड़ना है वे महासमुंद इकाई के अध्यक्ष अभिषेक बाफना से संपर्क कर सकते हैं।

## बेमचा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2025-26 संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महासमुंद कलेक्टर लंगेह, विशिष्ट अतिथिगण मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद एस आलोक, येत राम साहू जिलाध्यक्ष बीएसजी, संगीता राहुल चंद्राकर जनपद सदस्य, देवेन्द्र चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत बेमचा, आनंद साहू उपाध्यक्ष बीएसजी, रेखराज शर्मा डीएमसी, अंजलि बरमाल क्रीड़ा अधिकारी, राहुल चंद्राकर, लखनु निर्मलकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, रविकांत चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जागेश्वर सिन्हा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, हीना ढालेन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संपा बोष एपीसी, किरण कन्नौजे व्याख्याता डाइट, प्राचार्य एसएल पाटकर, प्रधानपाठक विजयलक्ष्मी शर्मा रहे। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं फूल देकर स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया एवं पुस्तक प्रदान कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को शुभकामना संदेश के साथ ही सत्र 2024-25 के प्रावीण्य बच्चों को मोमेंटो, पलायन बच्चों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। प्राथमिक शाला बेमचा शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सरस्वती जांगड़े , स्मार्ट माता नूतन साहू एवं सरपंच देवेंद्र चंद्राकर का उनके सराहनीय कार्यो के लिए विद्यालय की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका खेमिन साहू ने किया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ व बच्चों की उपस्थिति रही।



## बीईओ ने किया अध्यापन कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में निरीक्षण किया गया। इस दौरान वे कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय में अध्यापन कार्य का अवलोकन किए, जहां व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा लेखाशास्त्र विषय पढ़ाया जा रहा था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा भी इस दौरान उपस्थित थे।

## खोपली स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल खोपली में शासन के आदेशानुसार शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल से तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करा कर गणवेश एवं नोट बुक देकर प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा शिक्षण सत्र 2025-26 गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाए जाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से बताया गया एवं पालकों को अपने बच्चों को निरंतर शाला भेजने के लिए प्रेरित किया गया एवं शासन के विभिन्न योजनाओं जो शासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रदान किया जाता है, उसके बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यासागर ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत खोपली, अध्यक्षता भोपाल सिंह बंजारा प्राचार्य, विशेष अतिथि बीआरसी भुपेश्वरी साहू, भीमसेन चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर अध्यक्ष एसएमडीसी, निरंकार चन्द्राकर सदस्य, रुपलाल तांडी सदस्य, प्रधान पाठिका सोहद्रा देवांगन, डिम्पल वर्मा, क्षमता साहू, एसएमसी अध्यक्ष गायत्री ध्रुव, उपाध्यक्ष रेखा चंद्राकर, पुष्पा चन्द्राकार, माधुरी रात्रे, रजनी दीवान, किशन साहू, प्रमिला साहू, ममता साहू, महेंद्र बंजारे, एसएमसी सदस्य, रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं पालकगण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठिका सोहद्रा देवांगन एवं संचालन संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा ने किया।

## सोनापुटी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सोनापुटी के सरपंच बिमला रेखराज निषाद रही। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा, ग्राम प्रमुख पुराणिक निराला, तोषक कुम्हार, असवंतिन दीवान एसएमसी अध्यक्ष, टिकेश्वर कुम्हार, मेघनाद टंडन, पंचगण, पालकगण, शिक्षक उपस्थित थे। बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों से फीता कटवा कर कक्षा में प्रवेश कराया गया। गणवेश वितरण भी किया गया।

## मुख्यमंत्री साय ने किया श्रमजीवी पत्रकार संघ की टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डायरेक्ट्री विमोचन करते हुए इसे आमजन और पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बताया।


मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि डायरेक्टरी के माध्यम से प्रदेश के पत्रकारों से जुड़ना आसान होगा और यह मीडिया एवं जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा, प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा, महासमुंद जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, जांजगीर से देवेंद्र यादव, कोरबा जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना, दुर्ग संभाग अध्यक्ष छगन साहू सहित संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाषा को बोझ नहीं, बल्कि सेतु बनाया जाए:उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

- पुलिस कार्यप्रणाली में हिंदी का प्रयोग, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत

राज्य की जनता के लिए एक स्वागतयोग्य और जनहितकारी निर्णय लेते हुए उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि अब से पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक और आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी के कुल 109 शब्दों को हटाकर उनकी जगह सरल, प्रचलित और सहज हिंदी शब्दों का प्रयोग किया जाए। भाजपा आईटी सेल पूर्व जिला संयोजक करुणाकर उपाध्याय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय प्रदेश में पुलिस और आम जनता के बीच संवाद को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जन-सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपाध्याय ने कहा कि यह निर्णय आने वाले दिनों में राजस्व विभाग, न्यायालय सहित अन्य सरकारी विभागों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगा, जहां भाषा जनसंपर्क की सबसे मजबूत कड़ी बन सकेगी।



## योग संगम एवं हरित योग थीम पर 21 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में होगा जिला स्तरीय योग कार्यक्रम, 20 जून तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिले में आगामी 21 जून को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग संगम एवं हरित योग निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य योग को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जनसामान्य के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। इस बार योग दिवस का मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के विकासखंड, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन सभी आयोजनों की जानकारी एवं सहभागिता का विवरण http://yoga.ayush.gov.in/yoga&sangam पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना है। जिले के सभी नागरिक, शासकीय एवं निजी संस्थान, विद्यालय तथा महाविद्यालय 20 जून 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह सरल, त्वरित एवं डिजिटल है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिक बिना किसी कठिनाई के अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर एवं जनपद मुख्यालयों, शासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे योग संगम पंजीकरण पोर्टल पर नागरिकों का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें और उन्हें कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विभाग प्रमुखों, ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों, जनपद सीईओ, स्कूल प्राचार्यों एवं महाविद्यालय प्रशासन से आह्वान किया है कि वे इस आयोजन को जन आंदोलन का रूप दें। कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक कोने से एवं प्रत्येक वर्ग से जन सहभागिता सुनिश्चित करने अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का योग दिवस को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाए।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुंद**

**उपस्थिति हेतु सूचना**

अ.रा.प्र.क्र. 202405120500023
अ-6 वर्ष 23-24
ग्राम-कुर्मीपाली तहसील सरायपाली

**पक्षकार-** माधवो पिता बिशी वगै. निवासी ग्राम कुर्मीपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद

**विरुद्ध**

1. कर्नो पिता नंदलाल वगै. निवासी कुर्मीपाली तहसील सरायपाली

**प्रति**

1. करम पिता बरतू 2. निदर केशा पिता भाखा 3. ललित पिता गांधी 4. प्रेम पिता दयाराम 5. रितेश पिता नरसिंह 6. राकेश पिता नरसिंह 7. किरन पिता नरसिंह 8. बिमला बेवा नरसिंह सभी निवासी कुर्मीपाली तहसील सरायपाली

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में माधवो पिता बिशी वगै. निवासी कुर्मीपाली तहसील सरायपाली द्वारा न्यायालय तहसीलदार सरायपाली के संशोधन पंजी 3 वर्ष 1956 वर्ष 1956 में पारित आदेश दिनांक 25/01/1956 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है जिसमें आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है।

इस न्यायालय के उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 26-6-2025 को नियत किया गया है जिसमें आप अपना पक्ष रखने के लिए स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। उक्त तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है।

तदनुसार आज दिनांक 12/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ है कि ग्राम कनेकेरा आवेदक उमेन्द्र कोसरे पिता मनबोधी जाति सतनामी के द्वारा आवेदक की दादी खेदिया निवासी ग्राम कनेकेरा तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 29-06-2022 को हो चुकी है तथा आवेदक की दादी खेदिया पति पुरू उर्फ पूरन तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 29-06-2022 को हो चूकी है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 20/06/2025 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**महासमुंद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### खरोरा में महिलाओं ने की महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तालाब में सोमवार को महिलाओं ने भगवान महादेव के नाम से दीप जलाकर पूजा अर्चना की। जिसमें सरोज, उतरा, मधारी, अरुण, ममता, देवकी, मोनिका, टीना, दुर्गा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

### योग भवन में योग महोत्सव 21 को

**महासमुंद।** करे योग रहे निरोग के नारे के साथ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन शाखा महासमुंद में प्रातःकाल 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग महोत्सव में योगासन व प्राणायाम का कार्यक्रम रखा गया है। शहर एवं ग्रामीण के महिला पुरुष इस महोत्सव में शामिल हो सकते हैं, जो नियमित योग नहीं कर रहे वह अपना रजिस्ट्रेशन योग भवन में सुबह 6 से 7.30 पहुंच कर करवा सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ के तारेंद्र चंद्राकर ने दी।

### क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीयन शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशनुसार जिला क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष होने वाले क्रिकेट प्रतियोगिता के ट्रायल में सम्मिलित होने के लिए सभी वर्गों अंडर-14 अंडर-16 अंडर-19, अंडर-23 सीनियर का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही महासमुंद जिला क्रिकेट संघ से खेलने के पात्र होंगे। पंजीयन के लिए खिलाड़ियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र (डिजिटल / मैनुअल), पिछले 5 वर्ष की मार्कशीट, पीवीसी आधार कार्ड सभी दस्तावेज की मूल प्रति लेकर आप संघ के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए अनुरोध शर्मा, तृपेश साहू से संपर्क कर सकते हैं।

**बैठक : किसानों को समय पर खाद-बीज मिलना सुनिश्चित हो, योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की**

# समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश, विकास कार्यों में गति लाने पर भी जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मौसमी बीमारियों से बचने स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहें, जनसहभागिता से जल संचयन के कार्यों में गति लाएं

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक लेकर एकमुश्त चावल वितरण, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही बैठक में शासन की प्राथमिकताओं, जनघोषणाओं, योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू एवं रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारीगण एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने शाला प्रवेशोत्सव के सफल आयोजन के निर्देश दिए और कहा कि जिले के किसी भी स्कूल में तालाबंदी की नौबत न आएं। युक्तियुक्तकरण अंतर्गत सभी शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। जिससे कोई भी विद्यालय एकल शिक्षकीय नहीं है। उन्होंने सभी एसडीएम और डीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय नियत समय पर खुले और विद्यार्थियों को गणवेश, पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री के महासमुंद प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि घोषणाओं का वर्क ऑर्डर शीघ्र निर्गत कर कार्य प्रारंभ करें। जनपद सीईओ और निर्माण एजेंसियां इस कार्य को गंभीरता से लें और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सरकार की स्थानांतरण नीति के तहत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 25 जून तक सभी आवदनों को जिला स्तर पर अनुमोदन कर प्रभारी मंत्री को भेजा जाएगा। सभी संबंधित प्रभारी अधिकारियों को इस कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने कहा गया।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि धरती आबा अभियान के तहत जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलवाना है। उन्होंने धरती अभियान अंतर्गत शिविरों के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में शिविर आयोजन कर विशेष जनजाति परिवारों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिले में आज 17 जून से 30 जून तक शिविर का आयोजन कर 306 ग्रामों के जनजातीय समुदाय को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में आयोजित किया जा रहा है। सभी अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है। कलेक्टर ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर एवं जनपद मुख्यालयों, शासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे योग संगम पंजीकरण पोर्टल पर नागरिकों का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें और उन्हें कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रेरित करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी से जल संचयन हेतु अब तक 2800 सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया है। इस कार्य की सराहना करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए एवं जनसहभागिता को बढ़ाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए शहरों में नालियों और पानी की टंकियों की सफाई एवं क्लोरिनेशन के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को डायरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को सघन स्वच्छता अभियान चलाने कहा। बैठक में राजस्व प्रकरणों, सुशासन तिहार, चावल वितरण, पीएम जनमन योजना आदि की भी समीक्षा की गई। सभी विभागों को अपने कार्यों की प्रगति प्रस्तुत करने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करें।




### किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध हो

किसानों को समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया। साथ ही खाद वितरण पॉश मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी निजी दुकान में खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर तत्काल जब्ती की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग और राजस्व अमले को सतर्क रहकर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि एक पेड़ के नाम 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधियों को पौधरोपण में शामिल करने आमंत्रित किया जाए। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय ने कहा कि वृहद रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल की जाएगी। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, तालाबों, प्रधानमंत्री आवासों के आसपास एवं माइनिंग क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाया जाना है। कलेक्टर ने जून माह में चावल का एकमुश्त वितरण 30 जून तक पूर्ण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। राशन कार्ड के ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। शेष सदस्यों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया गया। बैठक में कृषि संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए नवाचारी किसानों की सफलता की कहानियाँ साझा करने के निर्देश दिए गए।

## स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण 22 को, सरायपाली में लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे लगेगा

जिले में संचालित स्कूल बसों की सुरक्षा और मानकों की जांच सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 22 जून 2025 को निरीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सरायपाली स्थित प्रतिभा पब्लिक स्कूल परिसर में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर सरायपाली और बसना तहसील के अंतर्गत संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थानों की स्कूल बसों के भौतिक निरीक्षण के लिए आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक स्कूल बस का तकनीकी परीक्षण, फिटनेस जांच एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा की जाएगी। परिवहन अधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधन, वाहन मालिकों, वाहन चालकों एवं परिचालकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि पर वाहन तथा सभी वैध दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई वाहन शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस वाहन का फिटनेस निलंबन/निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## कोमाखान में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

भाजपा मंडल कोमाखान में भाजपा जिला महासमुंद के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस विकसित भारत संकल्प सभा में भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने मोदी सरकार के 11 साल में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के किए गए ऐतिहासिक कार्यों, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू ने विकसित भारत के निर्माण में हमारी भूमिका एवं मंडल के वरिष्ठ नेता एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल ने विकसित भारत का संकल्प विषय पर बड़ी ही गहराई और विस्तार से प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष नितिन जैन ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना सभी के समक्ष रखी।



कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री हिरेंद्र उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री लेखमणि पटेल ने किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष कलाराम नायक, मंडल उपाध्यक्ष वंदना ठाकुर, ईश्वर चंद्राकर, मंडल मंत्री जुगेश पटेल, मंडल कोषाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमा सोनी, महिला नेत्री किरण यदु, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, पदाधिकारी भीमा साहू, गुलशन सुरमनी, गुलशन साहू, भाजपा नेता केशव साहू, अजय सिन्हा, राजकुमार चौधरी, रामबहादुर थापा, सुकेश नागपुरे, पवन निषाद, नरेंद्र पटेल, दीपेंद्र यादव, जितेंद्र खरे, देवेंद्र चक्रधारी, गुलाब साहू, सुरेश साहू, अजय सोनी, देवनारायण साहू आदि मौजूद रहे।

## नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बागबाहरा विखं के शासकीय प्राथमिक शाला बनियातोरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य लोचन पटेल, उपसरपंच खिलावन यादव मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से किया गया। पश्चात नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल से टीका लगाकर व मुंहा मीठाकर प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किय। इस दौरान अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को युनिफार्म व गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर अशोक पटेल, नवीन सेन, पंच परमिला पटेल, प्रधानपाठक झनकराम कुम्हार, यादराम पटेल समेत पालकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

## 22 को मेघावी छात्रों का सम्मान और कैरियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अधिकारी कर्मचारी शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिसमें बागबाहरा में ब्लॉक स्तरीय 10वीं व 12वीं के मेघावी छात्रों व सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन 22 जून रविवार को नवनिर्मित सतनाम विश्वा ढाबा के सामने रखा गया है। जिसमें ईपी चेलक सहायक प्राध्यापक महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय व विषय विशेषज्ञों द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे होंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे, अति विशिष्ट अतिथि मनोज घृतलहरे जिला क्रीड़ा अधिकारी, अंजलि बरमाल सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, रामता डे सहायक बीईओ बागबाहरा होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष, दिनेश बंजारे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युथ, रेखराज बघेल जिला सचिव, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, विशेष अतिथि चिंता साय ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा, डोमन टंडन प्राचार्य एवं संरक्षक, केवल टंडन पूर्व बीआरसीसी एवं ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती महासमुंद, तरुवर कोसरिया पिथौरा, श्यामलाल बारिक सरायपाली, बाबूलाल कुर्रे बसना होंगे। बैठक में शिक्षा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र बंजारे, नंदकुमार भारतद्वाज, राधेश्याम परमार, राधेश्याम निराला, चिंता कुर्रे, डॉ राजकुमार टंडन, भूपेंद्र निराला, बालकदास कोसरे, रुपेश कुमार धिरहे, जितेंद्र पावरकर, हेमनाथ रात्रे व जिला तथा ब्लॉक के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### खट्टीडीह स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टीडीह में शाला प्रवेश उत्सव 2025 बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच भुवनेश्वर ध्रुव, पंच ईश्वर कंवर, मुकबती साहू, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र साहू, देवनारायण साहू, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर साहू, एसएमसी अध्यक्ष वासुदेव कंवर, शिक्षाविद टोहल राम साहू एवं एसएमसी के सदस्यगण लक्ष्मी कंवर, केसरी यादव, दुर्गा साहू, दुर्गा कंवर, मोहनी निषाद, हेमकुमारी निषाद, लीला साहू, खोमिन कंवर, संतोष कंवर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं बालवाड़ी के बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को पाठयपुस्तक वितरण के साथ गणवेश भी वितरित किए गए। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन प्रधान पाठक गोपाल साहू द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को खीर, पूड़ी,फल इत्यादि वितरित किए गए। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अतिथियों द्वारा नीम के पौधा का रोपण किया गया। अतिथियों द्वारा उद्बोधन में बच्चों को नियमित विद्यालय आने एवं शाला में प्रवेश योग्य सभी बच्चों को 100 प्रतिशत नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। आभार प्रदर्शन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षक तुलसीराम साहू ने किया।



### उपजेल में व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद की महिला मंडल द्वारा उप जेल बेमचा में एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत मां गायत्री की पूजा-अर्चना एवं प्रज्ञा गीत से हुई। इस अवसर पर महिला मंडल की महिलाओं द्वारा गुरु की महिमा, गायत्री महामंत्र के प्रभाव, व्यक्तित्व विकास जैसे प्रेरणादायक विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए। शिविर में उपस्थित अनेक बंदियों ने गुरु दीक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया, जिसके लिए आगामी दिनों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन उप जेल अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं सहयोग से हुआ। महिला मंडल की टीम में पूर्णिमा साहू, धनेश्वरी, कणेश्वरी, नीलम, पिंकी, देवकुमारी, कमला, निशा चंद्राकर, प्रेमलता साहू, प्रज्ञा एवं लक्ष्मी रंहगडाले ने का सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त बेमचा प्रज्ञा मंडल से राधेश्याम चंद्राकर, ओमप्रकाश, सुकालू एवं भूखन पुरोहित का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बंदियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा गायत्री परिवार से जुड़कर एक सभ्य एवं आत्मनिर्माणशील जीवन जीने का संकल्प लिया।

**श्रीराम प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव**

## हर बच्चे को मिलना चाहिए शिक्षा का अधिकार: उर्मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्रीराम प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं छठवीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। विद्यालय को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों, रंगोली और स्वागत द्वारों से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय हो गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर एवं मिठाई व शैक्षणिक सामग्री देकर अभिनंदन किया गया। माध्यमिक शाला की प्रधानपाठक उर्मिला मरकाम कार्यक्रम की मुख्य प्रेरणा स्त्रोत रहीं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए, उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए निरंतर प्रेरित किया। प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक चमेली चंद्राकर ने भी शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि व पालक के रूप में उपस्थित सुल्ताना दीदी, मोतिम साहू, कल्याणी यादव, दुशीला कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षिका कुंती देवांगन तथा प्रेमीन सांवरा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा की उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी मानिकपुरी, लीनू चंद्राकर, गीता गोस्वामी, शांति पुरैना, किशोर देवांगन, हेमंत चक्रधारी, डिगेश पुरैना की उल्लेखनीय भूमिका रही।



### नेहरू स्मृति विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बिरकोनी।** नेहरू स्मृति विद्यालय बिरकोनी में नए शिक्षा सत्र 2025 की शुरुआत को नवप्रवेशी बच्चों के लिए यादगार बनाने के लिए शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी कड़ी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुभारंभ में सबसे पहले शिक्षिकाओं एवं बच्चों द्वारा वेलकम स्कूल प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथि के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यर्थियों ने मोटिवेशनल गीत के पहलगाम के वीर शहीदों की याद में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर सभी भावविभोर हो उठे। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने कहा कि बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं। उसके बाद विद्यालय में शिक्षक होते हैं, जो शिक्षा देते हैं। विद्यालय शिक्षा का घर होता है। शिक्षा आपको जीवन में आगे बढ़ने का अवसर देती है, जितना ज्यादा मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करेंगे उतना ही सफलता को पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ग्रहण करने का मार्ग आसान नहीं होता। इसके लिए दृढ़संकल्प और सच्ची लगन की आवश्यकता होती है। अपने जीवन में ये हमेशा याद रखें कि सफलता हमेशा संघर्ष मांगती है। अपने कमजोरियों को दूर कर कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़ते जाएं, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन से पढ़ाई करें और अपने माता पिता व देश का नाम रोशन करें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411